प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 19 दिसम्बर, 2024 :-

(1) माननीय राज्यपाल संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा में आयोजित 'क्रिसमस सेलिब्रेशन' में सम्मिलित हुए।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा में 'क्रिसमस सेलिब्रेशन' के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि क्रिसमस का पर्व न केवल प्रभु ईसा मसीह का जीवन प्रेम, करुणा और सेवा का संदेश देता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सच्ची खुशी दूसरों की सेवा और आत्मीयता में निहित है।

राज्यपाल महोदय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। उन्होंने क्रिसमस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व हमें सिखाता है कि चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों, सत्य, ईमानदारी और परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सच्ची सफलता व्यक्तिगत उन्नति में नहीं, बल्कि समाज और मानवता की सेवा में है।

राज्यपाल महोदय ने संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा परिवार को 'क्रिसमस सेलिब्रेशन' के सफल आयोजन हेतु बधाई दी और सभी को क्रिसमस एवं नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं।